दिग्विजयनाथ स्नातकोत्तर महाविद्यालय
गोरखपुर-273001
(नैक प्रत्यायित 'B' श्रेणी)

सम्बद्ध

दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय, गोरखपुर

☎ & Fax : 0551-2334549
: 09792987700
e-mail : digvijayans@gmail.com
: dnpggkp@gmail.com
website : www.dnpgcollege.edu.in

दिनांक 25.07.2019

प्रकाशनार्थ

आज दिनांक 25.07.2019 को सत्र 2019–20 के लिए प्रवेशित बी.ए.द्वितीय वर्ष के विद्यार्थियों की अभिविन्यास कार्यशाला का आयोजन संवाद कक्ष में किया गया, जिसमें सभी विद्यार्थियों सहित उनके अभिभावक भी उपस्थित रहे। इस आयोजन को सम्बोधित करते हुए महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ.शैलेन्द्र प्रताप सिंह ने कहा कि महाविद्यालय एक ओर जहां विद्यार्थियों को उचित शिक्षा और सभी प्रकार के पाठ्यक्रमों की उपलब्धता से परिपूर्ण है वहीं छात्रहित के लिए शारीरिक, बौद्धिक तथा मानसिक विकास हेतु समस्त संसाधान भी उपलब्ध कराता है अतः सही अर्थों में इस संस्था का निरन्तर यह प्रयास रहता है कि छात्रों को विषय वस्तु के ज्ञान के साथ–साथ उनके सम्पूर्ण व्यक्तित्व के विकास का प्रयास किया जाय, जिसके निमित्त विभिन्न प्रकार की खेलकूद प्रतियोगिताएं, शिक्षणेत्तर गतिविधियां, योग तथा व्यायामशाला की उपलब्धता छात्रों के व्यक्तित्व के विकास का सर्वोत्तम साधन है। और मेरा यह प्रयास रहता है कि जब छात्र यहां से अपनी शिक्षा पूर्ण करके जाय तो इस बात पर गर्व करे कि मैने दिग्विजयनाथ पी.जी.कालेज से केवल शिक्षा ही नहीं बल्कि दीक्षा भी ग्रहण की है। उन्होंने समस्त अभिभावकों का अभिवादन करते हुए इस बात का सुझाव दिया कि विद्यार्थी शिक्षण संस्थाओं में तो कुछ घंटो के लिए ही आता है जब कि उसके समय का बड़ा हिस्सा परिवार के साथ व्यतीत होता है। अतः अभिभावक का प्रथम उत्तर दायित्व यह होता है कि उनकी गतिविधियों पर नियंत्रण रखते हुए उन्हें उचित संस्कार प्रदान करें। ताकि परिवार के साथ–साथ एक स्वस्थ समाज के निर्माण में उसकी सहभागिता सुनिश्चित हों।

कार्यक्रम में क्रीड़ा अधीक्षक श्री अवधेश कुमार शुक्ला ने कहा कि शारीरिक रूप से स्वस्थ रहना प्रत्येक छात्र का मौलिक अधिकार होता है जिसके लिए विभिन्न क्रीड़ा प्रतियोगिताओं में भाग लेना तथा नियमित व्यायाम एक आवश्यक अंग होता है। एन.एस.एस. के वरिष्ठ कार्यक्रम अधिकारी तथा राजर्षि टण्डन मुक्त विश्वविद्यालय के संयोजक डॉ. रबीन्द्र कुमार ने छात्रों को एन.एस.एस.की महत्ता तथा उसकी उपयोगिता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना छात्र–छात्राओं में सामुदायिक भावना के विकास के साथ ही साथ सांस्कृतिक उत्थान तथा राष्ट्रीयता का भी बोध कराता है।

पूर्वी परिसर कला संकाय के प्रभारी डॉ. रामलाल गाडिया ने सभी अभिभावकों के प्रति आभार ज्ञापन करते हुए छात्रों को कहा कि एक छात्र के लिए अपने ज्ञान के साथ–साथ स्वास्थ्य के प्रति भी सदैव सजग रहना उसका उत्तर दायित्व है इसलिए कहा गया है कि स्वास्थ्य ही अमूल्य निधि है। अतः विद्यार्थी तन–मन से स्वस्थ होकर ही अच्छी शिक्षा ग्रहण कर सकता है और अच्छा नागरिक बन सकता है।

उक्त कार्यक्रम में कला संकाय के शिक्षक डॉ.श्रीमती अर्चना सिंह, डॉ.सुरेन्द्र चौहान, डॉ.कमलेश मौर्य, डॉ. शैलेश कुमार, डॉ.निधि राय, डॉ. अखण्ड प्रताप सिंह सहित अन्य शिक्षणेत्तर कर्मचारी उपस्थित थे।

दिनांक 26.07.2019 को आयोजित अभिविन्यास कार्यशाला

दिनाक	समय	स्थान	संकाय/विभाग
26.07.2019	2.00 बजे से	पुस्तकालय हाल	बी.ए. तृतीय वर्ष

डॉ.(मुरली मनोहर तिवारी)
प्रभारी सूचना एवं जनसम्पर्क